संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा

द्वितीय तल, व्यावसायिक परिसर, सेक्टर–27, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़
E-mail: sanskriti.rajbhasha@gmail.com, Website: www.cgculture.in
Phone No.: 0771-2995629 , Tele.Fax.:0771-2537404

क्र. 802 /सं.रा./राज्यो./24 नया रायपुर, दिनांक 20/9 /2024

प्रेस विज्ञप्ति

20 सितम्बर 2024

संस्कृति विभाग द्वारा दिये जाने वाले राज्य सम्मान 2024 हेतु प्रविष्टियाँ आमंत्रित

संस्कृति विभाग, छ.ग.शासन द्वारा स्थापित 11 राज्य स्तरीय सम्मानों एवं 01 राष्ट्रीय सम्मान कुल 12 सम्मान हेतु प्रविष्टियाँ पंजीकृत डाक से संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, द्वितीय तल, व्यावसायिक परिसर, सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) 492002 में **अंतिम तिथि 05 अक्टूबर, 2024 तक** आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी के लिए सम्मान की नियमावली विभागीय वेवसाईट www.cgculture.in पर उपलब्ध है।

निर्धारित प्रारूप

आवेदक का नाम/ पता व मोबाइल नं.	जन्म तिथि व आयु	प्रस्तावक का विवरण (यदि हो)	आवेदक की उपलब्धियों का संक्षिप्त ब्यौरा	प्राप्त सम्मान/ पुरस्कार की संक्षिप्त जानकारी				शासकीय सेवारत होने पर सामान्य प्रशासन विभाग से अनुमति पत्र संलग्न करें (हाँ/नही)
				अंतर्राष्ट्रीय स्तर	राष्ट्रीय स्तर	प्रदेश स्तर	जिला स्तर	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)

सम्मान का विवरण निम्नानुसार है- (1) **पं. सुन्दरलाल शर्मा सम्मान**-हिन्दी साहित्य, (2) **दाऊ मंदराजी सम्मान**-लोक नाट्य एवं लोक शिल्प, (3) **चक्रधर सम्मान**-शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य, (4) **छत्तीसगढ़ अप्रवासी भारतीय सम्मान**-देश के बाहर अप्रवासी भारतीय द्वारा सामाजिक कल्याण, साहित्य, मानव संसाधन, निकाय अथवा आर्थिक, (5) **किशोर साहू सम्मान**-हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा लेखन, (6) **किशोर साहू राष्ट्रीय सम्मान**-हिन्दी/छत्तीसगढ़ी सिनेमा में सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्देशन, (7) **देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार/सम्मान**-लोक नृत्य, (8) **देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार/सम्मान**-पंथी नृत्य, (9) **लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार/सम्मान**-आंचलिक साहित्य/लोक कविता, (10) **लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान**- छत्तीसगढ़ी लोकगीत, (11) **खुमान साव सम्मान**-छत्तीसगढ़ी लोक संगीत, (12) **हबीब तनवीर सम्मान**-समकालीन रंगकर्म (छत्तीसगढ़ी/हिन्दी/अन्य भाषा नाटक) आदि के क्षेत्र में उपलब्धि तथा दीर्घ साधना हेतु दिनांक 06 नवम्बर 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस "राज्योत्सव" राज्य अलंकरण समारोह में चयनित पात्र को राज्य सम्मान से विभूषित किया जावेगा।

संचालक
संस्कृति एवं राजभाषा